# भर्ती हेतु सूचना

## कनिष्ठ परामर्शदाता– जन स्वास्थ्य प्रशासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) एक स्वायत्त निकाय है, जिसे वर्ष 2006 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम), अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत गठित किया गया है। इसे केंद्रीय स्तर पर, नीति, नियोजन एवं रणनीति विकास में सहायता करने और नीतियों एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन एवं क्षमता विकास हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन (पीएचए) प्रभाग, अच्छी गुणवत्ता वाली द्वितीयक जन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उपयोग को बढ़ावा देने और समुदायों में प्राथमिक सेवाओं को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शासन, प्रबंध और स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने के व्यापक ढांचे के तहत काम करता है। यह राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों/योजनाओं/कार्यक्रमों के विकास हेतु कार्य करता है और क्षमता विकास, पर्यवेक्षण और निगरानी के माध्यम से राज्यों और जिलों को कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करता है। यह जमीनी स्तर पर किए गए कार्य अनुभवों से राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों को भी जानकारी प्रदान करता है।

पीएचए प्रभाग के कुछ प्रमुख कार्य क्षेत्रों में शामिल हैं:

• मॉडल स्वास्थ्य जिला पहल – यह प्रभाग, अपनी जेब से किया जाने वाला खर्च (ओओपीई) को कम करने और विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिले के उन्नत समग्र स्वास्थ्य सूचकों के परिणाम प्राप्त करने हेतु सुनिश्चित सेवाओं का प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए चयनित जिलों के साथ कार्य करता है। इस पहल के तहत, प्रभाग चिन्हित स्वास्थ्य सेवाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए चिन्हित जिला अस्पताल, एसडीएच और सीएचसी, पीएचसी और उप केंद्र की श्रृंखला के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता है। ऐसे स्वास्थ्य केंद्र जो बुनियादी ढांचागत सुविधाओं, मानव संसाधन, गुणवत्ता और स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से लागू करते हैं, उन्हें 'मॉडल स्वास्थ्य जिला' कहा जाता है और इसके फलस्वरूप वे अन्य जिलों और राज्यों द्वारा अपनाए जाने वाले मॉडल के रूप में कार्य करते हैं।

• विकेंद्रीकृत स्वास्थ्य कार्य नियोजन (डीएचएपी) – यह प्रभाग, नियोजन की इस बॉटम अप पहल में स्थानीय जन स्वास्थ्य जरूरतों और अन्य सुसंगत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी जिला स्वास्थ्य योजनाएं बनाने की क्षमता विकसित करने के लिए राज्यों और जिलों के साथ बड़े पैमाने पर कार्य करता है।

• भारतीय जन स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) – यह प्रभाग हाल की कार्यक्रम पहलों के अनुरूप आईपीएचएस को अद्यतन और संशोधित करने की प्रक्रिया में है।

• द्वितीयक देखभाल सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाना – यह प्रभाग, बुनियादी ढांचागत जरूरतों और तकनीकी प्रोटोकॉल के अनुरूप द्वितीयक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करने और डीएनबी/सीपीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के प्रावधान द्वारा जिला अस्पतालों को 'ज्ञान केद्र (नॉलेज हब)' के रूप में विकसित करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता है। यह जिला अस्पतालों के लिए भावी योजना तैयार करने में भी राज्यों का सहयोग करता है।

• राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) – यह प्रभाग एनयूएचएम के कार्यान्वयन को आरंभ करने हेतु राज्यों की क्षमता बढ़ाने के लिए सुसंगत हितधारकों के साथ कार्य करता है और विभिन्न शहरी स्वास्थ्य गतिविधियों का सहयोगी पर्यवेक्षण और निगरानी भी करता है।

• जन स्वास्थ्य संवर्ग – प्रभाग राज्यों के मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के भीतर जन स्वास्थ्य संवर्ग तैयार करने में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का सहयोग कर रहा है।

- यह प्रभाग राज्य और जिला स्तरों पर शिकायत निवारण तंत्र और मातृ एवं बाल मृत्यु समीक्षा लागू करके जवाबदेही में वृद्धि करना चाहता है।

*पीएचए प्रभाग ऐसे युवा और गतिशील जन स्वास्थ्य पेशेवरों की तलाश कर रहा है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में कार्य करने के लिए अभिप्रेरित हैं। आवेदक को एक सुदृढ़ कार्य शैली और न्यूनतम पर्यवेक्षण में कार्य करने और सीमित समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने की क्षमता के साथ सदा सक्रिय और स्वयं–उत्तरदायी होना चाहिए।*

*आवेदक को अच्छी गुणवत्ता वाली जन स्वास्थ्य सेवाओं को सबसे अधिक वंचित और सीमांत आबादी तक उपलब्ध कराने और सुलभ कराने की दृष्टि से जन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के बारे में उत्साहित होना चाहिए; और उस संकल्पना को साकार करने की दिशा में सतत और रणनीतिक तरीके से कार्य करने का उत्साह होना चाहिए।*

*चयनित अभ्यर्थी को राज्यों और जिलों तथा अन्य हितधारकों के साथ एक गतिशील मंच पर कार्य करने का अनूठा अवसर प्राप्त होगा। यह कार्य विभिन्न स्तरों पर जन स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने और समस्या समाधान के लिए रणनीतियों को विकसित करने और कार्यान्वित करने में गहन अनुभव प्रदान करेगा।*

## कनिष्ठ परामर्शदाता, जन स्वास्थ्य प्रशासन प्रभाग, एनएचएसआरसी

एनएचएसआरसी, अपने पीएचए प्रभाग को सहयोग प्रदान करने हेतु पूर्णतः संविदा आधार पर कनिष्ठ परामर्शदाता की भर्ती करने का इच्छुक है। कनिष्ठ परामर्शदाता, वरिष्ठ परामर्शदाता, पीएचए के पर्यवेक्षण में और सलाहकार, पीएचए के समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा।

योग्यता और अनुभवः

अनिवार्य

- चिकित्सा /स्वास्थ्य/जन स्वास्थ्य/सामाजिक विज्ञान में स्नातक उपाधि।
- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा या समकक्ष में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- विशेष रूप से मातृ एवं बाल स्वास्थ्य/एनआरएचएम/एनएचपी/आरएमएनसीएच + ए/स्वास्थ्य नियोजन/स्वास्थ्य नीति और पैरवी/जन स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण या स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन जैसे जन स्वास्थ्य के मुख्य क्षेत्रों में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।
- जीवंत, गतिशील और पहल एवं अपनत्व की भावना से प्रेरित, और टीम के अंग के रूप में सौंपा गया कोई भी दायित्व स्वीकार करने को तैयार।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर, ब्यौरों का पूर्ण ध्यान रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले लिखित कार्य करने की क्षमता।
- विशेष रूप से गरीब और कमजोर आबादी के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों से संबंधित मुद्दों पर कार्य करने के लिए उत्साहित, और समस्या–समाधान के दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत कार्य करने का उत्सुक।
- टीम के समक्ष नई और अभिनव युक्तियों को प्रस्तुत करते समय प्रश्न उठाने की योग्यता; किसी भी परिस्थिति में उचित उत्तर देने की क्षमता सहित सतर्क और जागरूक होना चाहिए।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने का प्रदर्शित अनुभव।
- स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं, विशेषकर उच्च निर्भरता इकाई, आपरेशन थिएटर, प्रसव कक्ष, प्रयोगशालाओं, सीएसएसडी इत्यादि के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन करना।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और सीमित समय–सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने के लिए विविध कार्यों को एकसाथ करने की योग्यता।

- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट और डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता।

**ii)** वांछनीय:

- एमबीबीएस स्नातक उपाधि,
- केंद्रीय या राज्य स्तर पर मॉडल स्वास्थ्य जिलों/समकक्ष परियोजनाओं के अधीन कार्य करने का अनुभव।

भूमिकाएं एवं दायित्व:

- सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं से संबंधित ले–आउट डिजाइनों सहित आईपीएचएस के बुनियादी ढांचा घटक के विकास में सहयोग करना।
- प्रमुख निर्णयकर्ताओं को इनपुट प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली और स्वास्थ्य जरूरतों के बारे में जानकारी का व्यवस्थित संग्रह, प्रलेखन और प्रस्तुति।
- एचएमआईएस से प्राप्त डेटा और केंद्रीय, राज्य और जिला स्तर पर निर्णयकर्ताओं के लिए इसके उपयोग का का विश्लेषण करना।
- राज्य और जिला स्वास्थ्य योजनाएँ बनाने और योजनाओं की समीक्षा और सुधार करने के लिए, और महामारी विज्ञान और एचएमआईएस, दोनों इनपुट का उपयोग कर जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण में पीएचए टीम का सहयोग करना, तथा खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों द्वारा यथावश्यक बजट निर्माण और वित्तीय नियोजन में सहयोग करना।
- जन स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य प्रबंध सूचना प्रणाली आदि जैसे स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने वाले क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- मातृ/बाल मृत्यु या नीयर मिस समीक्षाओं, शिकायत निवारण की प्रगति और प्रभाग के प्रकाशनों के लिए सहायक सामग्री के संग्रह और विकास के लिए फील्ड दौरे करना।
- विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों में राज्यों को अभिमुख करने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय कार्यशालाओं और परामर्शों के आयोजन में प्रभाग का सहयोग करना।
- आवंटित कार्य क्षेत्र से संबंधित सभी सुसंगत दस्तावेजों/पत्राचारों का डेटा बेस रखना।
- पीएचए प्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

आयु सीमा: अधिकतम 30 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थल: मुख्यालय नई दिल्ली स्थित है, किंतु आवश्यकतानुसार विभिन्न राज्यों एवं जिलों की यात्रा करनी होगी।

पारिश्रमिक सीमा: प्रतिमाह 33,000/– रु. से 46,800/– रु. के बीच*

* *योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन कैसे करें:

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **7th February 2019** तक recruitment.pha.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।